# // प्रतिवेदन //

## (दिनांक 12/12/2023)

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत@2047

**——0——**

दिनांक 12 दिसंबर, 2023 को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के ''कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ तथा वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के चतुर्थ तल, केन्द्रीय सभागार में ''विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत/2047 की तर्ज पर ''युवाओं में उद्यमिता विकास'' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उद्योगपति डॉ. कैलाश गुप्ता जी सम्मिलित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत के साथ हुआ। स्वागत भाषण कंप्यूटर साइंस विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि गुप्ता द्वारा दिया गया इसके पश्चात मुख्य वक्ता डॉ. कैलाश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कभी भी निराशा अपने पर हावी नहीं होने देना चाहिए और ना ही व्यक्ति को घमंड करना चाहिए। व्यक्ति हमेशा कार्य के प्रति उत्साहित हो ऐसी कोशिश होनी चाहिए। उसे हमेशा खुश रहना चाहिए व्यक्ति के मन में नए—नए प्रयोग करने की इच्छा होनी चाहिए। कार्य को वही व्यक्ति सफलतापूर्वक कर सकता है जो उत्साही हो अपने विचारों को प्रकट कर सके और उसे कार्य की आवश्यकता भी हो। उन्होंने इजराइल देश का उदाहरण देते हुए कहा कि किस प्रकार उस देश ने विश्व में अपना स्थान बनाया है।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी जी द्वारा दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य एवम वित्तीय अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा पांडे द्वारा दिया गया। मंच संचालन  सुश्री सुषमा तिवारी द्वारा किया गया।

उक्त व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर एच.एस. होता, परीक्षा नियंत्रक श्री तरुण धर दीवान,  पूर्व कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, श्री गौरव साहू, डॉ. सौमित्र तिवारी, इंजी. यशवंत पटेल, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, डॉ. महेंद्र मेहता, डॉ. नेहा कौशिक, सुश्री आकृति साहू और बड़ी संख्या में छात्र—छात्राएं उपस्थित रहे।

Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya
GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
44QG+HWP, Koni, Bilaspur, Chhattisgarh 495009, India
Lat 22.138959°
Long 82.127288°
12/12/23 01:28 PM GMT +05:30
Google

Atal Bihari Va
Vishwavidyalaya
(C.G.)

Atal Bihari Va
Vishwavidyalaya

Atal Bihari